## Headline

1. PM Modi: पीएम मोदी गांधीनगर पहुंचे, कहा- गुजरात में ड्रॉप आउट रेट 40 से तीन फीसदी पर पहुंचा
2. CBSE Result 2023: गाजियाबाद की छात्रा आस्था मिश्रा के 99.4% अंक; लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने फिर मारी बाजी
3. Maharashtra: विधायकों की अयोग्यता पर उद्धव बोले- स्पीकर जल्द फैसला लें, अगर गलत करेंगे तो हम फिर कोर्ट जाएंगे
4. Delhi Liquor Policy: कोर्ट से मनीष सिसोदिया को फिर झटका, सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत दो जून तक बढ़ाई गई
5. Corona Alert: लगातार घट रहे कोरोना के मामले; बीते दिन आए 1580 नए केस, सक्रिय मामले 19 हजार से घटकर 18009 हुए
6. Delhi News: मथुरा रोड स्थित डीपीएस स्कूल में बम रखे जाने की फिर मिली सूचना, पुलिस में मचा हड़कंप
7. आगरा में बड़ा हादसा: जम्पिंग के दौरान हाइटेंशन लाइन में उलझा पैराशूट, कमांडो अंकुर शर्मा की गई जान


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 302 | इंदौर, शुक्रवार 12 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# राजस्थान-गुजरात में लू जैसे हालात, मप्र में असर

**रतलाम भट्टी की तरह तप रहा; खजुराहो, टीकमगढ़, नरसिंहपुर-ग्वालियर भी गर्म**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजस्थान और गुजरात में इन दिनों लू जैसे स्थिति है। इस कारण मध्यप्रदेश के सटे जिलों में गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। रतलाम भट्टी की तरह तप रहा है, तो ग्वालियर, खजुराहो, टीकमगढ़, नरसिंहपुर, छतरपुर, निवाड़ी, धार, खंडवा, भिंड, मुरैना भी गर्म है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि राजस्थान-गुजरात में टेम्प्रेचर तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में कई जगहों पर पारा 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। यहां से गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही हैं। इस कारण एमपी के सटे जिलों में गर्मी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में टेम्प्रेचर और भी बढ़ेगा।

मध्यप्रदेश में गर्मी के तेवर और तीखे हो गए हैं। 3 दिन के भीतर पारे में 10 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार को तो सभी शहरों में मई का सबसे ज्यादा तापमान रहा। रतलाम लगातार एक सप्ताह से गर्म है। यहां पारा 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है। यही हाल राजस्थान-गुजरात से सटे अन्य जिलों के भी है।

### राजस्थान से गर्म हवाएं आ रहीं, इस कारण गर्मी बढ़ी

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि इन दिनों राजस्थान में तापमान बढ़ा हुआ है। कई शहर में पारा 43-44 डिग्री से भी ज्यादा है। हवाओं का रुख भी दक्षिण-पूर्वी से बदलकर उत्तर-पश्चिमी हो गया है। इस कारण सटे मध्यप्रदेश के जिलों में गर्मी बढ़ गई है। राजस्थान में गर्मी बढ़ने की वजह अभी कोई वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का एक्टिव नहीं होना है। यही हाल गुजरात के शहरों के भी है। वर्तमान में वहां पर भी लू जैसी स्थिति है। यानी, सबसे ज्यादा गर्म शहरों में हीट वेव चलने लगी है। 15 मई तक दोनों राज्यों में लू चलेगी।

### एमपी में पारा 44 डिग्री तक पहुंचा, 22 शहरों में ज्यादा गर्मी

सबसे पहले मध्यप्रदेश की बात...। यहां पारा 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है। गुरुवार को भोपाल-इंदौर में सीजन में पहली बार पारा 41 डिग्री के पार पहुंच गया। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, धार में तापमान 44 डिग्री रहा। भोपाल में 41.4, इंदौर में 41.4, ग्वालियर में 40.3 और जबलपुर में 40 डिग्री तापमान रहा। उज्जैन, गुना समेत प्रदेश के 22 शहरों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा। सीजन में पहली बार इतनी गर्मी रही है।

### राजस्थान का बाड़मेर-जैसलमेर सबसे गर्म

राजस्थान के बाड़मेर में गुरुवार को तापमान 44.4 डिग्री रहा। जैसलमेर में पारा 44.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, श्रीगंगानगर, उदयपुर में पारा 40 से 43 डिग्री के बीच रहा। जिन शहरों में तापमान 44 डिग्री से ज्यादा रहा, वहां गर्म हवाओं का असर भी देखने को मिला।

### गुजरात में भी गर्मी दिखा रही तेवर

गुजरात में भी गर्मी तेवर दिखा रही है। 11 मई के तापमान की बात करें तो कई शहरों में पारा 43-44 डिग्री के बीच रहा। जूनागढ़ में 44.6 और अमरेली में पारा 44 डिग्री रहा। वहीं, अहमदाबाद, बड़ौदा, भुज, छोटा उदयपुर, दहोद, डंग, गांधीनगर, जामनगर, नर्मदा, पंचमहल, पोरबंदर, राजकोट, सूरत आदि शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ही है।

### MP में अब बारिश, आंधी-ओलावृष्टि नहीं

मध्यप्रदेश में वेदर ड्राई (शुष्क) हो गया है। इस कारण गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तेवर और भी तीखे होंगे। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि प्रदेश में अभी कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस कारण वेदर ड्राई है। 12 मई से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस जरूर एक्टिव हो रहा है, लेकिन यहां इसका असर नहीं रहेगा। तूफान 'मोचा' का असर भी प्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा। 15 मई के बाद प्रदेश के ज्यादातर शहरों में हीट वेव भी चल सकती है।

# पीथमपुर के उद्योगों को हाईटेक तरीके से बिजली वितरण होगा

## अत्याधुनिकीकरण के लिए करोड़ों के कार्य कराए जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य शासन विकास और औद्योगिकीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में पीथमपुर में भी पुराने व नए उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण और हाईटेक तरीके से बिजली वितरित करने के सघनतम प्रयास किए जा रहे है। यह जानकारी गुरुवार को पीथमपुर के आइशर मोटर्स सभागार में पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्?क्ष श्री गौतम कोठारी की मौजूदगी में हुई उच्च स्तरीय मिटिंग में दी गई। इसमें बताया गया कि यहां सेक्टर 3 में एक ओर नया अति उच्चदाब स्टेशन बनाया जा रहा है।**

इसी तरह तीन करोड़ की लागत से चायड़ीपुरा बेटमा से सेक्टर नंबर 3 तक 33 केवी की हाईटेक पैंथर लाइन डाली जा रही है। इसके अलावा पीथमपुर के तीनों सेक्टरों से संबद्ध प्रत्येक ग्रिड में बिजली वितरण कार्य और सुधार के लिए जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के आदेश पर हुई इस महत्वपूर्ण मिटिंग में फोर्स मोटर्स के श्री सतीश कुमट, आयशर मोटर्स के श्री संजय गोयल, पोरवाल ऑटो के श्री देवेंद्र जैन, प्रतिभा सिंटेक्स के श्री एलजी नचवानी, गुजरात अंबुजा के श्री अतुल कुमार, एसआरएफ के श्री दिनेश मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। उद्योग संचालकों द्वारा जरूरी कार्य के लिए समय पर शट डाउन देने, शट डाउन के लिए पूर्व सूचना प्रदान करने आदि के बारे में सुझाव दिए गए।

बिजली कंपनी ने प्रत्येक उद्योग संचालकों से आह्वान किया कि परिसरों की बिजली व्यवस्था, उपकरणों का संचालन ऐसा किया जाए कि सभी को पॉवर फैक्टर का प्रत्येक बिल में लाभ मिले। यह उद्योग संचालकों एवं बिजली कंपनी दोनों के लिए हितकर होगा। बिजली कंपनी की ओर से कार्यपालक निदेशक श्री संजय मोहासे, मुख्य अभियंता श्री पुनीत दुबे, अधीक्षण यंत्री मुख्यालय श्री निर्मल शर्मा, अधीक्षण यंत्री इंदौर ग्रामीण डॉ. डीएन शर्मा, पीथमपुर के कार्यपालन यंत्री श्री टीसी चतुवेर्दी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## होटल मैनेमेंट के क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ मिलेगी नौकरी भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हॉस्पिटिलिटी का निःशुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण ड़ेढ वर्ष का होगा। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद ही आकर्षक वेतन पर नौकरी दिलाई जायेगी। स्टेट इन्स्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर के प्राचार्य श्री विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह नौकरी मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की ईकाईयों में मिलेगी। युवाओं को 15 हजार रुपए प्रति माह की दर से तीन वर्ष तक रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये युवा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा राऊ क्षेत्र में बायपास पर डीपीएस के पास संचालित राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को दो हजार रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति भी दी जायेगी। यह प्रशिक्षण डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेजेज एवं डिप्लोमा इन हॉउस कीपिंग का रहेगा।

## आईटीआई में 17 मई को रोजगार मेला

**इंदौर**। शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में 17 मई, 2023 को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव में भोपाल मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा बेरोजगार पुरुष उम्मीदवारों का नौकरी के लिए चयन किया जाएगा। इस मेले में आई.टी.आई ट्रेड (डीजल मैकेनिक, मोटर्स मैकेनिक, ऑटो बॉडी पेंटिंग, ऑटो बॉडी रिपेयरिंग, ट्रेक्टर मैकेनिक) से उत्तीर्ण आवेदकों का चयन होगा। आवेदक की उम्र 18 से 30 वर्ष होना जरूरी है। प्रशिक्षण के लिए कुल 30 पद उपलब्ध हैं । चयनित युवाओं को शुरूआती 6 महीने में 8 हजार रूपए प्रतिमाह तथा उसके पश्चात 12 हजार रूपए प्रति माह का वेतन मिलेगा।

## लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के लिये 66 खंडपीठों का गठन

● नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये 66 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री बी.वी शर्मा के मार्गदर्शन में 13 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है। यह लोक अदालत जिला न्यायालय, इन्दौर, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय, डॉ अम्बेडकर नगर, देपालपुर, सांवेर व हातोद में आयोजित होगी।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण राजीनामे हेतु रखे गये हैं, जिनके अंतर्गत राजीनामा योग्य आपराधिक 3264, सिविल 2881, मोटर दुर्घटना क्लेग 3161, विद्युत संबंधी 2051, चेक बाउंस के 11960, बैंक रिकवरी के 203, जलकर के 65, भू-अर्जन के 16, वैवाहिक संबंधी 765 तथा अन्य 1056 प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी के 33994 विद्युत संबंधी 500 व अन्य 5392 प्री-लिटिगेशन प्रकरण राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु रखे जा रहे हैं। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायलय इन्दौर में 43 खण्डपीठ, लोकोपयोगी लोक अदालत की 01 खंडपीठ, श्रम न्यायालय की 01 खंडपीठ, कुटुम्ब न्यायालय में 05 खंडपीठ तथा तहसील डॉ. अम्बेडकर नगर में 09 खंडपीठ, देपालपुर में 04 खंडपीठ एवं सांवेर में 03 खंडपीठ इस प्रकार कुल 66 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियम एवं शर्तों के अधीन प्रीलिटिगेशन एवं लीटिगेशन स्तर पर छूट दी जाएगी। नगर निगम द्वारा संपत्ति एवं जलकर के सरचार्ज में राहत दी जा रही है। साथ ही लोक अदालत में राजीनामे के आधार पर प्रकरण के निराकरण पर पक्षकार अदा की गई कोर्ट फीस शासन से वापस प्राप्त कर सकेंगे।

# स्वच्छता का सिरमौर बने रहना हमारे लिये चुनौती है

● शहर की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए, पार्षदो को अपडेट करने के क्रम में पार्षद प्रशिक्षण सत्र संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विगत 4 परिषद मे हमारे वरिष्ठ जनप्रतिनिधियो द्वारा इंदौर शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इंदौर के वैभव व संस्कृति को स्थापित करने में निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है। नगर निगम इंदौर नागरिको को मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराने के साथ ही शहर विकास के लिये भी काम करने की नगरीय इकाई है। यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगम की कार्य प्रणाली, स्वच्छता अभियान के साथ ही आईटी के संबंध में जाल सभागृह में आयोजित पार्षद प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में कही।**

इस मौके पर आइडीए अध्यक्ष जयपालसिंह चांवडा, सभापति मुन्नालाल यादव , पूर्व लोकसभा अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा महाजन, सांसद शंकर लालवानी, बाबुलाल रघुवंशी व शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियो जिनमें पूर्व निगमायुक्त श्री सीबी सिंह, अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, श्री अभिषेक गेहलोत व अन्य की उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचेतक कमल वाघेला ने किया तथा आभार एमआईसी सदस्य राकेश जैन ने माना।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री भार्गव ने कहा कि इंदौर के वर्तमान व पूर्व के क्षेत्रफल, बजट व विकास की श्रृंखला के स्वरूप में बहुत बडा अंतर है। इंदौर की स्वच्छता इंदौर की ब्राण्ड है, स्वच्छता का सिरमौर बने रहना हमारे लिये चुनौती है। उन्होने कहा कि शहर विकास के साथ ही डिजिटल इंदौर के लिये भी सभी पार्षदो को काम करना है, वर्तमान में आईटी तथा सोशल मिडिया के माध्यम से किस प्रकार से अपने आपको अपडेट करना है, सोशल मिडिया का कितना महत्व है, जनप्रतिनिधि को किस प्रकार से प्रशासनिक अधिकारियो के साथ समन्वय कर शहर विकास में अपनी भूमिका स्थापित करनी है, को दृष्टिगत रखते हुए, कार्यशाला में पार्षदगणो को वरिष्ठो द्वारा मार्ग-दर्शन दिया गया है।

### किसने क्या कहा -

- **पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन** - जनप्रतिनिधि व नागरिको के मध्य किस प्रकार का लोकाचार होना चाहिये, किस प्रकार से जनप्रतिनिधि का जनता के साथ व्यवहार होना चाहिये, ताकि शहरहित में नागरिको के सहयोग से बुनियादी विकास कार्य किये जा सके।
- **सांसद शंकर लालवानी** - आज मैं सांसद हूॅ, आज केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ के माध्यम से नागरिको को लाभ पहुंचाया जा रहा है। आज व पूर्व के बजट के स्वरूप में बहुत ही अंतर है।
- **आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चांवडा** - हर विकास के लिये किस प्रकार से काम करे इसके लिए समन्वय व संयम बनाया रखना अति आवश्यक है।
- **पूर्व निगमायुक्त सीबी सिंह** - किस प्रकार से मेयर इन कौंसिल के माध्यम से वार्ड में विकास कार्य किये जाते है इस संबंध में भी विस्तार से पार्षदो को जानकारी दी गई।
- **अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन** - स्वच्छता के सिरमौर को बनाये रखने के लिये समस्त वार्डो के मध्यम वार्ड स्तरीय स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- **आईटी विशेषज्ञ श्रीमती हर्षा** - वर्तमान युग डिजिटल युग है, इस में आईटी का महत्वपूर्ण योगदान है, शासन की योजनाओ को जनता तक पहुंचाने तथा योजना का लाभ पहुंचाने में आईटी का महत्वपूर्ण योगदान है।
- **अपर आयुक्त अभिषेक गेहलोत** - घर बैठे ही अपनी समस्याओ का समाधान करने के साथ ही विभिन्न सेवाओ को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर इंदौर 311 एप को अपडेट किया जाता है।

## आयुष विभाग ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

इंदौर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में आज आयुष विभाग ने यूनानी पद्धति से उपचार के लिए इंदौर शहर के समीप स्थित ग्राम बांक में शिविर लगाया। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी डॉ हंसा बारिया के निर्देशन में आयोजित किया गया। बताया गया कि शासकीय यूनानी औषधालय इंदौर द्वारा ग्राम पंचायत बांक मे नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर लगाया गया,जिसमें सामान्य रोगी परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया।

शिविर में यूनानी चिकित्सक डॉ लुबना

# सबसे अच्छा काम करने वाले पार्षद को दिया जाएंगा बेस्ट पार्षद का अवार्ड

## स्वच्छता का महाअभियान, बेस्ट पार्षद का होगा चयन

### शहर के चौराहों को सुंदर बनाने पर होगा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । स्वच्छता में छह बार नंबर वन आने के बाद इंदौर सातवीं बार भी बड़ा दावेदार है। सड़कें तो चकाचक दिखती हैं, लेकिन अन्य जगह भी साफ रहे जिसका टास्क अब पार्षदों को दिया जा रहा है। सबसे अच्छा काम करने वाले पार्षद को बेस्ट पार्षद के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा आज महापौर खुद कर सकते हैं।

आमतौर पर सड़क की सफाई देखकर स्वच्छता का अंदाजा लगा लिया जाता है, लेकिन उसके आगे भी काफी जगह है जहां पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसको लेकर महापौर करने जा रहे हैं। इसमें पार्षदों को जिम्मेदारी दी जाएगी कि उन्हें जागरूक रहकर निगरानी रखकर सफाई करवानी है। सड़कों व बैकलाइनों के अलावा वार्ड के स्कूल, अस्पताल, बगीचे, खेल के मैदान और अन्य सार्वजनिक की भी उन्हें चिंता करना है। कचरा होने पर तुरंत वहां की सफाई कराना है। इसके अलावा चौराहों को भी सुंदर कैसे किया जा सकता है उसी चिंता के साथ गारबेज ट्रांसफर स्टेशन पर भी ध्यान देना है। उसके अलावा जनता को जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताएं भी पार्षदों को आयोजित कराना है। अपने काम को सिर्फ क्षेत्र तक ही सीमित न रखते हुए सोशल मीडिया पर डालकर सबको बताना है। इसमें सबसे अच्छा काम करने वाले पार्षदों का चयन होगा जिसमें से एक को बेस्ट पार्षद का अवार्ड दिया जाएगा। अवार्ड के जरिए पार्षदों में जोश और जुनून लाने का प्रयास किया जाएगा ताकि वे अभियान को सफल तो बनाएं और अपनी दिनचर्या में भी उसे शामिल करें।

### निशाने पर पान वाले

गौरतलब है कि शहर में हजारों की संख्या में पान की दुकान है। जहां से लोग पान या गुटका खाकर शहर भर में थूकते रहते हैं। कई पान की दुकानों के सामने गंदगी रहती है जिसको लेकर निगम अब उन पर दंड की कार्रवाई करेगा। हिदायत दी जाएगी कि वे दुकान के बाहर डस्टबिन लगाए जहां पर कचरा फेंकने के साथ थूका भी जा सके। उसके अलावा थूकने वालों पर भी आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# रतलाम और धार में पारा 44 डिग्री के पार

## भोपाल-इंदौर में पहली बार तापमान 41 डिग्री पार; 22 जिलों में 40 डिग्री से ज्यादा टेम्प्रेचर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में अब टेम्प्रेचर का टॉर्चर दिखने लगा है। पिछले तीन दिनों से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। गुरुवार को रतलाम और धार प्रदेश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां पारा 44 डिग्री के पार जा पहुंचा। भोपाल और इंदौर में इस सीजन में तापमान पहली बार 41 डिग्री क्रॉस कर गया है। प्रदेश के 22 जिलों में 40 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है।**

प्रदेश के प्रमुख शहरों भोपाल में 41.4, इंदौर में 41.4, ग्वालियर में 40.3 और जबलपुर में 40 डिग्री तापमान रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और भी तीखे रहेंगे।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 15 मई से पहले प्रदेश के सभी शहरों में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ेगा। ग्वालियर, खजुराहो, सागर और खंडवा सबसे ज्यादा तपेंगे। यहां तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं, ज्यादातर इलाकों में हीट वेव यानी गर्म हवाएं भी चलेंगी। प्रदेश में तूफान ह्यमोचा और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर नहीं रहेगा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि आसमान साफ होने से धूप सीधे जमीन पर पड़ रही है। इस कारण गर्मी का अहसास ज्यादा हो रहा है।

### अभी सिस्टम एक्टिव नहीं

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि मध्यप्रदेश में अभी कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस कारण वेदर ड्राय यानी शुष्क है। आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही रहेगा। धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होगी। 14-15 मई के बाद ग्वालियर, सागर, खजुराहो और खंडवा में दिन का तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। यहां हीट वेव भी चलेगी।

### 12 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव, लेकिन ज्यादा असर नहीं-

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश में 12 मई से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है, लेकिन यहां इसका असर नहीं रहेगा। तूफान ह्यमोचा का असर भी प्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा। इस कारण गर्मी का असर बढ़ा हुआ रहेगा।

### हीट वेव का असर चंबल-ग्वालियर में ज्यादा

40 से 42 डिग्री तक तापमान पहुंचने के बाद हीट वेव यानी गर्म हवाएं चलने लगती हैं। ज्यादातर शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार ही है। यहां तापमान बढने के बाद हीट वेव भी चलेगी। चंबल और ग्वालियर संभाग में इसका असर ज्यादा रहेगा।

### इन शहरों में तापमान सबसे ज्यादा

रतलाम, धार और खजुराहो में गर्मी का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। दमोह, गुना, नौगांव, नर्मदापुरम व टीकमगढ़ में भी तेवर तीखे हैं। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, रीवा, सीधी, सागर, खंडवा, खरगोन, रायसेन, सतना, शिवपुरी, उज्जैन, नरसिंहपुर और बैतूल में भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है।

### प्रदेश में कई शहरों की रातें भी गर्म

दिन के साथ कई शहरों में रातें भी गर्म है। नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, दमोह, नरसिंहपुर, नौगांव, सागर, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़ में पारा 23 डिग्री से ज्यादा चल रहा है। यहां आने वाले समय में पारा 25 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

### 21 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार, रतलाम सबसे गर्म

इससे पहले, बुधवार को भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 21 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। इस सीजन में पहली बार इतने ज्यादा शहरों में पारा इतना अधिक रहा। रतलाम सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.6 डिग्री तक पहुंच गया। धार-खजुराहो में भी पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी होगी। 15 मई के बाद हीट वेव यानी गर्म हवाएं भी चलने लगेगी।

# भाजपा के कई नेता कांग्रेस के संपर्क में

## अरुण यादव बोले- दोबारा सरकार बनते ही 2 लाख तक की कर्जमाफी करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** भोपाल से सिलवानी जाते समय रायसेन शहर के सागर तिराहे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर कुछ समय के लिए रुके कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं मीडिया से भी चर्चा की। उन्होंने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार सदैव ही किसान विरोधी निर्णय लेती है। जब सत्ता हासिल करनी होती है। तब इनको किसानों की याद आती है।

अरुण यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश का किसान पिछले 20 सालों से कर्ज में डूबा है। जब 2018 में हम सत्ता में आए तो हमने स्पष्ट कहा था कि किसानों का 2 लाख का कर्जा माफ किया जाएगा और किया भी। वापस कह रहे हैं कि अगर हम फिर से सत्ता में आएंगे तो मध्यप्रदेश के जिन किसानों के पर भी 2 लाख का कर्जा है, उस कर्ज को कांग्रेस सरकार माफ करेगी।

### भाजपा से आहत कई नेता कांग्रेस के संपर्क में

उन्होंने कहा की कैलाश जोशी जी के परिवार की अनदेखी और दुर्दशा करने वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आहत होकर दीपक जोशी ने कांग्रेस का हाथ थामा है। जिससे कांग्रेस को काफी लाभ मिलेगा। ऐसे ही भाजपा के कई वरिष्ठ नेता लाइन में है। इस समय हम से चर्चा में हैं जो की भाजपा सरकार से आहत हैं। भाजपा सरकार लगातार जिनकी अनदेखी कर रही है, वे कांग्रेस के संपर्क में हैं। समय आने पर बताया जाएगा।

# धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में युवक की अजीब हरकत

## हाथ पटककर चीखने लगा, सिंधिया दे रहे थे भाषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में हंगामा हो गया। मंच पर आशीर्वाद लेन आया एक युवक उनके सामने अजीब हरकतें करने लगा। जैसे ही उसने पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सामने हाथ जोड़े, उसके शरीर में कुछ एक्टिविटी होने लगी। वह चीखने लगा। जिसके बाद पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के गाड्‌स ने युवक को उठाकर मंच के पीछे की तरफ धकेल दिया।**

ये वाकया उस समय हुआ जब मंच पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संबोधित कर रहे थे। युवक को जब गार्ड ले जा रहे थे, तब सिंधिया ने उन्हें युवक को आराम से ले जाने के लिए कहा। बोले- यहां ऊर्जा बहुत है। बता दें कि गुना के दशहरा मैदान पर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा चल रही है। बुधवार को उन्होंने दिव्य दरबार लगाया था। इस दौरान मंच पर अजीब स्थिति बन गई। गुरुवार को इसका वीडियो सामने आया।

### पंचायत मंत्री के स्टाफ का बताया जा रहा युवक

केंद्रीय मंत्री सिंधिया जब भाषण दे रहे थे, तभी पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के स्टाफ में काम करने वाले राजकुमार रघुवंशी, पंडित धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लेने पहुंचे। वह हाथ जोड़कर उनके सामने बैठ गए। अचानक उनके हाथ कांपने लगे।

धीरेंद्र शास्त्री ने जैसे ही राजकुमार को हाथ लगाया, उनके शरीर में अजीब सी हलचल होने लगी। अचानक वह हाथ पटकते हुए जोर से चीखने लगे। उन्हें ऐसा करते देख वहां मौजूद बॉडीगार्ड पहुंचे और सभी ने पकड़कर उसे ऊपर उठा लिया। वे उसे उठाकर पीछे की तरफ ले गए और पंडाल से बाहर कर दिया।

## सेक्स रैकेट का खुलासा

# तीन युवतियां समेत 8 महिलाएं और 2 पुरुष पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर के मकरोनिया थाना क्षेत्र में दीनदयाल नगर, गौरनगर और बड़तुमा में दबिश देकर पुलिस ने सेक्स रैकेट पकड़ा है। कार्रवाई में तीन स्थानों से कोलकाता की 3 युवतियां समेत 8 महिलाएं और दो पुरुष पकड़ाए हैं। थाने लाकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार लगातार मकरोनिया क्षेत्र में देह व्यापार होने की सूचना मिल रही थी। सूचना पर महिला थाना पुलिस और मकरोनिया पुलिस की टीम बनाई गई। टीम ने गुरुवार को 5 ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई में दीनदयाल नगर, गौरनगर और बड़तुमा में आपत्तिजनक स्थिति में युवक और युवतियां मिली। पुलिस ने मौके से 8 महिलाओं और दो पुरुषों को हिरासत में लिया है। जिन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

सीएसपी शेखर दुबे ने बताया कि कार्रवाई में पकड़ाई तीन युवतियां कोलकाता की रहने वाली है। गौरझामर, मोतीनगर क्षेत्र और गढ़ाकोटा की एक-एक युवती मिली है। वहीं दोनों युवक गढ़ाकोटा के रहने वाले हैं। कोलकाता से आई युवतियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मामले में प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस विजय अभियान का शंखनाद महाकोशल से करेगी

## जबलपुर में प्रियंका का रोड शो होगा

भोपाल। मध्यप्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस विजय अभियान का शंखनाद इस बार महाकोशल से करेगी। जबलपुर में पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का रोड शो होगा। वे कार्यकतार्ओं के साथ बैठक और फिर जनसभा को भी संबोधित करेंगी।

ग्वारीघाट में मां नर्मदा के पूजन कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में भी राहुल गांधी ने चित्रकूट से चुनाव प्रचार की शुरूआत की थी। फिर जबलपुर आकर रोड शो किए थे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए 20 मई को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर जबलपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव अभियान की शुरूआत कांग्रेस ने विंध्य क्षेत्र से की थी। तब तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने चित्रकूट में कामता नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद का दो दिवसीय दौरा प्रारंभ किया था।

उस समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह उनके साथ थे। इस बार पार्टी ने महाकोशल क्षेत्र से चुनाव अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का यहां प्रदर्शन बेहतर रहा था।

क्षेत्र में कुल 38 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से 13 अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए सुरक्षित हैं। इनमें 11 पर कांग्रेस और दो भाजपा ने विजय प्राप्त की थी। इधर 2022 में नगरीय निकाय के चुनाव में जबलपुर में महापौर भी कांग्रेस का चुना गया है। पार्टी यहां अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है, इसलिए विजय अभियान 2023 का शंखनाद जबलपुर से करने का निर्णय लिया है।

# नकली दूध बनाने वाले का अतिक्रमण तोड़ा

## मकान के आगे वाले हिस्से में नकली दूध बनाकर बेचता था आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ में नकली दूध बनाने वाले आरोपियों पर प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को रोजड़ खेड़ी गांव में नकली दूध बनाने वाले आरोपी देवराज तोमर की दुकान को पुलिस और प्रशासन ने बुल्डोजर से तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी देवराज तोमर इसी दुकान में आगे दूध डेरी संचालित करते हुए पीछे वाले कमरे में घातक केमिकल से नकली दूध बनाता था, जिसको बुधवार को पुलिस, खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम ने दबिश देकर नकली दूध बनाने हुए रंगे हाथ पकड़ा था। बुधवार को रोजड़ खेड़ी से आरोपी देवराज पिता तरवर सिंह तोमर के घर से 100 लीटर नकली दूध, 15 लीटर रिफाइंड तेल, सफेद पाउडर, केमिकल पकड़ाने के बाद पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 51, 57, 59 सहित भादवि 272 और 273 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस प्रकरण के बाद आज जिला प्रशासन ने मिलावट खोर नकली दूध माफिया पर कार्रवाई करते हुए उसके अवैध मकान को धराशाही कर दिया है।

# संपादकीय

## पाकिस्तान से जुड़ते तार

स्वर्ण मंदिर पहले ही खालिस्तान आंदोलन के समय में अलगाववादियों का ठिकाना रह चुका है। हालांकि अब न तो पहले जैसा स्थानीय लोगों का उस आंदोलन को समर्थन है और न इस आंदोलन के जोर पकड़ने की कोई गुंजाइश नजर आती है। मगर कनाडा आदि देशों में बैठे कुछ आपराधिक वृत्ति के लोग सिख भावनाओं को भड़काने का प्रयास करते रहते हैं और उनके तार पाकिस्तान से भी जुड़े हुए हैं। पहला विस्फोट बीते शनिवार को हुआ था, फिर सोमवार को और अब गुरुवार को तड़के हुआ। जब पहला विस्फोट हुआ था तो पुलिस ने उसे रसोई की चिमनी में हुआ विस्फोट बता कर नजरअंदाज कर दिया था। दूसरे विस्फोट के बाद भी वह सतर्क नहीं हुई, जबकि वह पहले वाले विस्फोट से अधिक ताकतवर था। जब तीसरा विस्फोट हुआ तभी उसके कान खड़े हुए। पुलिस अब भी यही कह रही है कि आरोपी पटाखे बनाने वाली सामग्री से विस्फोट कर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे। मगर उनका असल इरादा क्या है, यह अभी खुलासा नहीं किया गया है।पंजाब में पिछले कुछ समय से उपद्रवी तत्त्व लगातार सक्रिय देखे जा रहे हैं। अलगाववादी तत्त्व सिर उठाते देखे गए हैं। खालिस्तान की मांग फिर से उठने लगी है। कुछ दिनों पहले ही वारिस पंजाब दे संगठन के अमृतपाल सिंह ने खालिस्तान की मांग उठाते हुए वहां की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी थी। पुलिस की घेराबंदी के बीच से भाग निकला था और काफी मशक्कत के बाद वह पुलिस की गिरफ्त में आ सका। इन सबके बावजूद, हैरानी की बात है कि स्वर्ण मंदिर जैसी संवेदनशील जगह पर विस्फोट के बाद भी पंजाब पुलिस शिथिल बनी रही। सीमावर्ती राज्य होने की वजह से पंजाब को आतंकी गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील राज्य माना जाता है। अमृतसर में इस लिहाज से और चौकसी की अपेक्षा की जाती है। स्वर्ण मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाके में विशेष तौर पर कड़ी नजर रखी जाती है। फिर भी कुछ शरारती तत्त्व स्वर्ण मंदिर में न सिर्फ पनाह पाने, बल्कि वहां विस्फोटक तैयार करने में कैसे कामयाब हो गए। जैसा कि शुरुआती विवरणों से पता चल रहा है कि वे ताकतवर विस्फोटक तैयार करने का प्रयोग कर रहे थे। जाहिर है, वे नौसिखिया और सिरफिरे नहीं हैं। उनका मकसद स्पष्ट है। पंजाब पुलिस की शिथिलता का ही नतीजा है कि वे तीन बार विस्फोट करने में कामयाब हो गए। हालांकि पुलिस ने उनके पास से जो पर्चे और मोबाइल फोन से संदेश आदि इकट्ठा किए हैं, उससे उन तक भी पहुंचने का सूत्र मिलेगा, जिनके हाथों में इन्हें संचालित करने का यंत्र है। उनका मकसद क्या है और उन्होंने क्यों स्वर्ण मंदिर को दहशत फैलाने की जगह के रूप में चुना, यह सब अभी साफ होना है।

## महिला जगत

# International Nurses Day 2023

# 12 मई को क्यों मनाते हैं अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस? जानें इतिहास और थीम

कोरोना काल में जब वायरस के कारण पूरी दुनिया में लोग पीड़ित थे, तब डॉक्टरों के साथ ही नर्सों की भूमिका बहुत अहम हो गई थी। कोविड संकट के दौरान हेल्थ वर्कर कोरोना वॉरियर्स बनकर इस वायरस से हमारी सुरक्षा करते रहे। दिन रात डॉक्टरों के साथ नर्सों ने लोगों की सेवी की। किसी भी रोगी के स्वास्थ्य के लिए एक डॉक्टर जितना अहम भूमिका में होता है, उतना ही महत्वपूर्ण रोल नर्स का भी होता है। नर्स ही बीमार की देखभाल करती है। पूरा दिन एक डॉक्टर एक मरीज के पास नहीं रह सकते हैं। नर्स मरीज की हालत की निगरानी करती है। नर्स के इसी सेवा भाव को सम्मानित करने और उनके योगदान की सराहना करने के लिए हर साल दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि नर्स दिवस मनाने की शुरुआत कब और कैसे हुई? यहां जानें अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम, महत्व और इतिहास।

### कब मनाया जाता है नर्स दिवस?

प्रतिवर्ष 12 मई को नर्स दिवस मनाते हैं। इस दिन को मनाने की शुरुआत जनवरी 1974 से हुई थी। हालांकि बाद में मई में नर्स दिवस मनाया जाने लगा। इसके पीछे की एक खास वजह है।



### 12 मई को ही क्यों मनाते हैं नर्स दिवस

दरअसल, नर्स दिवस आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित है। इसलिए इस दिन को 12 मई को मनाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई को ही हुआ था। उन्होंने ही नोबेल नर्सिंग सेवा की शुरुआत की थी।

### कैसे हुई नर्स दिवस मनाने की शुरुआत?

इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स ने 1974 को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाने की घोषणा की थी। उस दौरान नर्सों को किट वितरण कराने का काम इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स का होता था। वहीं नर्सों के काम से संबंधित चीजों की देखरेख करता था।

### नर्स डे 2023 की थीम

इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स प्रतिवर्ष एक विशेष थीम पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। नर्स दिवस 2023 की थीम '(Our Nurses, Our Future) 'आवर नर्सेस, आवर फ्यूचर' है। इसका अर्थ है, हमारी नर्सें, हमारा भविष्य।

# बस यात्रियों को उनके गंतव्य तक ले जाती हैं ये लड़की, बिना सैलरी चलाती है बस

अधिकतर लड़कों को गाड़ियों का शौक होता है। वह अक्सर ही सड़क पर बाइक और कार चलाते नजर आ जाते हैं। लेकिन लड़कियां भी अब ड्राइविंग के मामले में किसी से कम नहीं। आज के दौर में महिलाएं केवल अपनी सहूलियत के लिए कार या बाइक नहीं चलातीं, बल्कि करियर के तौर पर प्लेन, ट्रेन या सड़कों पर ऑटो रिक्शा तक चलाती हैं। परिवहन निगम की बस की स्टेरिंग भी महिलाओं के हाथों में आ चुकी है। ऐसी ही एक लड़की है, जो अपने शौक को पूरा करने के लिए बस चलाती हैं। ये लड़की केरल की रहने वाली है और कॉलेज से छुट्टी के दिनों में बस की स्टेरिंग अपने हाथों में लेना पसंद करती है। चलिए जानते हैं केरल की इस लड़की के बारे में, जिसे बस चलाना है पसंद।



### ● कोच्चि के लॉ कॉजेल की छात्रा हैं मैरी

केरल के कोच्चि की रहने वाली 21 साल की एन मैरी अंसालेन इन दिनों चर्चा में हैं। वह एर्नाकुलम लॉ कॉलेज से पढ़ाई कर रही हैं। हालांकि एन मैरी अंसालेन को बस चलाने का शौक है। अपने इस शौक को पूरा करने के लिए वह कॉलेज से छुट्टी वाले दिन बस चलाने के लिए जाती हैं। केरल की ये छात्रा हर रविवार को कक्कानाड-पेरुम्बदप्पू मार्ग पर बस लेकर निकलती हैं। इस रास्ते में ट्रैफिक भी ज्यादा होता है और सवारी भी।

### ● भारी वाहन चलाने का है शौक

मैरी को केवल बस ही नहीं, सभी तरह के बड़े और भारी वाहनों को चलाना पसंद हैं। उन्होंने लॉरी, ट्रक भी चलाई है। महज 15 साल की उम्र से उन्होंने ड्राइविंग करनी शुरू कर दी थी। सबसे पहले उन्होंने पिता की बुलेट चलानी सीखी। 18 साल की उम्र में कॉलेज जाने के बारे उनका इंतजार तब खत्म हुआ, जब उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस मिला।

### ● छुट्टी वाले दिन चलाती हैं बस

कॉलेज आने के बाद मैरी ने बस चलाना शुरू किया। वह मुफ्त में बस चलाकर सवारियों को उनके गंतव्य तक छोड़ती हैं। शाम को बस ड्राइवर पेट्रोल पंप पर बस को खड़ा करके चला जाता है। क्लास होने के बाद जब मैरी घर वापस जाती हैं, तो पेट्रोल पंप से बस चलाते हुए बस के मालिक तक पहुंचती हैं। बस के मालिक मैरी के पड़ोसी हैं। जब मैरी ने पहली बार बस चलाई, तो लोग एक लड़की को बस चलाता देख चौक गए। कई लोग एक महिला को बस ड्राइव करते देख डर जाया करते थे। हालांकि अब मैरी को बस चलाते हुए आठ महीने हो चुके हैं और यात्री मैरी को बस चलाता देखने के आदी हो चुके हैं।

## Highlights

1. **Govt to tax Netflix on income earned in India: Report**
2. **Who is Linda Yaccarino, who may replace Musk as Twitter CEO?**
3. **'$175 cheque' signed by Steve Jobs fetches 88 lakh in auction**
4. **Kejriwal meets Delhi L-G to seek his blessings after SC verdict**
5. **Rahul shares video of Proctor saying 'You're most welcome in DU'**
6. **Israel govt spokesman shares pic of cows from 'unforgettable' India visit; people react**

# Indian banks resilient, impact of US turmoil expected to be limited: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian banking system is better positioned to tackle rising interest rates and the impact of the ongoing US banking turmoil on Indian lending conditions is expected to be limited, according to Crisil.

One of the most prominent lenders in the world of technology startups, Silicon Valley Bank, which was struggling, first collapsed on March 10, after a run on the bank by the depositors. Its closure led to a contagion effect and the subsequent shutting down of other banks, including Signature Bank and First Republic Bank. The collapse apparently was triggered by the consistent monetary policy tightening.

The collapse of a few regional banks in the US, which started with Silicon Valley Bank, has sent ripples across the global banking industry and posed fears of a contagion effect across economies.

Against that backdrop, Crisil, in a report, said India looks better placed to weather emerging global financial risks.



"Financial markets are watching anxiously as the effects of rate hikes by the United States (US) Federal Reserve (Fed) unravel."

Over the past 15 months, the US Fed has hiked its policy rate by 500 basis points (bps), the fastest pace of hikes since 1980, to 5.00-5.25 per cent in its fight against above-tolerable inflation. Raising interest rates typically help in cooling demand in the economy and thus helps in managing inflation.

"The sharp rise, after a decade of record low interest rates, has already tested segments such as the tech sector, and small regional banks in the US."

Further, on India's external funding requirements, India's dependence on such funding is expected to reduce this fiscal - 2023-24.

"India's key external liability - current account deficit (CAD) - will likely be pared this fiscal on lower crude oil prices. This, coupled with the Reserve Bank of India's adequate forex reserves and India's good growth prospects, should cushion the impact of a global spillover on overall macros," Crisil said.

# Geared up for expansion in operations, no question of filing insolvency, says SpiceJet amid Go First crisis

**NEW DEIHI, (Agency).** SpiceJet has initiated the process of reviving its grounded fleet with the USD 50 million funds received by the airline from the government's Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) and internal cash accruals. In view of the recent developments in the Indian aviation market, the airline on Thursday categorically stated that it has no plans whatsoever to file for insolvency. "We want to scotch any speculation that may have arisen due to the filing by another airline," it said in a statement, clearly referring to Go First's insolvency. The airline said it is firmly focused on its business and remains in active talks with investors to raise funds. "There is absolutely no question of filing for insolvency. Any rumour regarding the same is completely baseless. We are focussed firmly on reviving our grounded fleet and getting more and more planes back into the air. Work on this front has already begun and the Company is using the USD 50 million ECLGS funds and our own cash," said Ajay Singh, Chairman and Managing Director, of SpiceJet. The Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) was launched in May 2020 as part of Aatmanirbhar Bharat Abhiyaan to support eligible Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) and business enterprises in meeting their operational liabilities and restarting their businesses in the context of the disruption caused by the COVID-19 pandemic.



New Delhi

# 'मोका' भीषण चक्रवात में बदला, बांग्लादेश-म्यांमार तट की ओर बढ़ा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चक्रवात 'मोका' तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह शुक्रवार को भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। इस दौरान 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा चली। अनुमान है कि यह बांग्लादेश-म्यांमार तट की ओर बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, सुबह 5:30 बजे चक्रवाती तूफान बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में, पोर्ट ब्लेयर से लगभग 520 किलोमीटर पश्चिम में और कॉक्स बाजार के 1,100 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में था। मौसम विभाग कार्यालय ने बताया कि चक्रवात मोका और तेज होता जाएगा। यह कॉक्स बाजार और म्यांमार में बंदरगाह शहर सित्त्वे के करीब क्यौकप्यू के बीच रविवार को समुद्र तट से टकराएगा। इस वजह से 175 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मछुआरों, जहाजों, नावों और ट्रॉलरों को मध्य और पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी और उत्तरी अंडमान सागर में नहीं जाने की सलाह दी गई है। चक्रवाती तूफान के कारण त्रिपुरा और मिजोरम में शनिवार से भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा नगालैंड, मणिपुर और दक्षिण असम में रविवार को कई जगहों पर बारिश होने की संभावना है। मोका तूफान के रूट को लेकर मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया गया था कि चक्रवात भारत के दक्षिण तटीय क्षेत्रों, ओडिशा और दक्षिण-पूर्व गंगीय पश्चिम बंगाल से होकर गुजरेगा।

Uttarpradesh

# नाजायज रिश्तों के शक में पत्नी की नाक काटी, बेटी की हत्या की फिर खुद को फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कानपुर, (एजेंसी) कानपुर में एक शख्स ने अवैध संबंधों के शक में अपना पूरा परिवार तबाह कर डाला। उसने पत्नी की नाक काट दी। बेटी को गला दबा कर मार डाला और खुद फांसी पर लटक गया। दो छोटे बेटों को उसने जिंदा छोड़ दिया। सुबह फोन न उठाने पर घर भेजे गए युवकों के जरिए इसकी सूचना पुलिस तक पहुंची। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। घायल महिला का इलाज हो रहा है।**

फतेहपुर अमौली से जिला पंचायत सदस्य हंसपुरम निवासी बृजेश पटेल उर्फ गब्बर का निर्माणाधीन घर हनुमंत विहार गल्ला मंडी में है। इसमें उनका ड्राइवर मछरिया निवासी छोटे शाह (37) अपने बच्चों आरजू (14), आरिफ(12) व आर्यन (10) के साथ रह रहा था। गुरुवार सुबह उसने छोटे को फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर उसने दो लड़कों को घर भेजा तो छोटे कमरे में फांसी पर लटका मिला। बेटी आरजू की लाश वहीं पड़ी थी। अंदर रुखसार लहूलुहान हालत में बंधी पड़ी थी। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

छोटे शाह के भाई अनीस ने बताया कि महीनों तक झगड़े के बाद तीन दिन पहले रुखसार घर लौटी थी। गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे सूचना मिली कि भाई और भतीजी की मौत हो गई है। घर पहुंचने पर पता चला कि रात में दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ था। जिसमें गुस्से में भाई ने ब्लेड से रुखसार की नाक काट दी और हाथ-पांव बांध कर डाल दिया। बेटी को क्यों मार डाला, इसका पता नहीं चल सका है।

Uttarakhand

# उत्तराखंड में खराब मौसम में परिजनों से बिछड़ी बुजुर्ग महिला, गूगल ट्रांसलेट ने दोबारा मिलाया

**रुद्रप्रयाग, (एजेंसी)** उत्तराखंड चार धाम यात्रा के दौरान खराब मौसम के कारण केदारनाथ से लौटते समय अपने परिवार से बिछड़ी आंध्र प्रदेश की 68 वर्षीय महिला गूगल ट्रांसलेट की मदद से अपने परिजनों से मिल पाई। एक अधिकारी ने बताया कि गौरीकुंड शटल पार्किंग में मंगलवार की रात स्थानीय पुलिस को महिला बेहोशी की हालत में मिली। उन्होंने बताया कि तेलुगु भाषी बुजुर्ग महिला पुलिस कर्मियों के साथ हिंदी या अंग्रेजी में संवाद करने में असमर्थ थी। उप-निरीक्षक रमेश चंद्र बेलवाल ने बताया, ''जब हमने उससे बात करने की कोशिश की तो हमने महसूस किया कि वह हिंदी या अंग्रेजी में बात नहीं कर सकती थी। वह केवल तेलुगु बोल रही थी। उन्होंने बताया, ''इशारों-इशारों में हमने उसे भरोसा दिलाया कि वह अपने परिवार से फिर से मिल जाएगी। हमने उसे कुछ जलपान की पेशकश की और जो कुछ भी वह हमें बताने की कोशिश कर रही थी, उसकी व्याख्या करने के लिए गूगल ट्रांसलेट की मदद ली। बेलवाल ने बताया कि उन्होंने हमें जो नंबर बताया हमने उस पर बात की तो पता चला कि उनके रिश्तेदार सोनप्रयाग में थे। उसके बारे में चिंतित थे।

Bihar

# भागलपुर में 9वीं के छात्र की चाकू से गोदकर हत्या, शराब पार्टी में दोस्त ने किया मर्डर, आरोपी की तलाश जारी

**भागलपुर, (एजेंसी)** भागलपुर के कोयला घाट निवासी किशोर आशीष (17) की बुधवार देर रात चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना जोगसर थाना क्षेत्र में शंकर टॉकिज मोड़ के पास हुई। चाकू से हमले में गंभीर जख्मी आशीष को मायागंज अस्पताल ले जाया गया जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। मौत से पहले आशीष ने बताया है कि उसके दोस्त सहित अन्य ने उसपर हमला किया। वह जिला स्कूल में नौवीं का छात्र था। परिजनों ने हत्या का आरोप उसके दोस्त पर लगाया है। सूचना पर डीएसपी सिटी, तातारपुर और जोगसर पुलिस मौके पर पहुंची, जांच की और परिजनों से जानकारी ली। आशीष के पिता बिट्टू ने बताया कि उनका बेटा बुधवार की शाम अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने गया था। उसके साथ कुछ दोस्त भी था।

खेल

# यशस्वी-सैमसन और चहल के सामने कोलकाता ने टेके घुटने, राजस्थान 41 गेंद शेष रहते जीता



**कोलकाता।** युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के आक्रामक अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार (11 मई) को आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। जीत के साथ राजस्थान अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया और अपने पिछले तीन हार के क्रम को भी तोड़ दिया। जायसवाल ने 13 गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक लगाया।

स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने चार विकेट लेकर कोलकाता को बड़ा स्कोर बनाने नहीं दिया। कोलकाता की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 149 रन ही बना पाई। कोलकाता के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने अपनी अर्धशतक पारी के दौरान 42 गेंदों का सामना किया और दो चौके व चार छक्के लगाए।

जवाब में राजस्थान ने एक विकेट पर 151 रन बनाकर 13.1 ओवर में 41 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। जायसवाल ने चौके के साथ टीम को जीत दिलाई तो वह उस तरह से जश्न मना रहे थे मानो उन्होंने शतक पूरा कर लिया हो, लेकिन उन्होंने अपने अच्छे शॉट चयन से यह पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों में नाबाद 98 रन की तेजतर्रार पारी खेली और 12 चौके व पांच शानदार छक्के जड़े।

**शतक के लिए सिक्स नहीं लगा पाए जायसवाल-** जायसवाल के अलावा संजू सैमसन ने दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 29 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। हालांकि, संजू टीम के लिए रन बनाते रहे, लेकिन अगर जायसवाल के पास ज्यादा स्ट्राइक रहती तो वह अपना शतक पूरा कर सकते थे। संजू जब खुद 48 रन पर खेल रहे थे तो उन्होंने जायसवाल को स्ट्राइक दी और इशारा किया कि छक्का लगाओ, लेकिन जायसवाल चौका लगा पाए और शतक पूरा नहीं कर पाए।

## जायसवाल का पहली गेंद से प्रहार

जायसवाल ने पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज अपनाया। उन्होंने पारी का पहला ओवर करने आए कप्तान नीतीश राणा को निशाना बनाया। उन्होंने उनकी लगातार चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके लगाए और फिर आखिरी गेंद पर चौका लगाया। उन्होंने इस ओवर में 26 रन बना डाले। इसके अगले ओवर में बटलर (00) रन आउट हो गए। इसके बाद तीसरे ओवर में जायसवाल ने शार्दुल की गेंदों पर तीन चौके सहित 14 रन बनाए। हालांकि, वरुण चक्रवर्ती को खेलने में उन्हें थोड़ी परेशानी हुई और उनकी पांच गेंद खेलकर वह एक रन बना पाए और इस एक रन से उन्होंने अपना शानदार अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद दूसरे छोर से संजू भी रन बटोरते रहे।

सिनेमा

# सेक्शुअल हैरेंसमेंट के आरोपों को असित मोदी ने बताया FAKE, एक्ट्रेस के खिलाफ लेंगे लीगल एक्शन



टीवी एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने ऐलान किया कि सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को वो छोड़ रही हैं. इसी के साथ उन्होंने शो के प्रोड्यूसर असित मोदी संग अन्य पर मेंटल और सेक्शुअल हैरेंसमेंट के गंभीर आरोप लगाए. अब इस मामले पर असित मोदी का बयान सामने आया है. उन्होंने जेनिफर के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. असित मोदी और उनकी टीम का कहना है कि सेट पर जेनिफर अनुशासन से नहीं रहती थी. उनका काम पर फोकस नहीं था. प्रोडक्शन से रोज उनकी शिकायत की जाती थी. अपने आखिरी दिन उन्होंने सेट्स पर सबके सामने गालियां भी दी थी. इसके बाद असित ने कहा कि उनके ऊपर जेनिफर ने शोषण के जो आरोप लगाए हैं वो सभी झूठे और आधारहीन हैं. शो की डायरेक्शन टीम हर्षद जोशी, ऋषि दवे और अरमान कहते हैं, 'सेट पर वो अनुशासन से नहीं रहती थी और उनका फोकस काम पर नहीं था. रोज उनके व्यवहार की शिकायत प्रोडक्शन हेड से की जाती थी. उनके आखिरी दिन पर उन्होंने सभी के सामने पूरे यूनिट को गालियां दी और बिना शूटिंग खत्म किए सेट से चली गईं.' प्रोजेक्ट हेड सोहेल रमानी और जतिन बजाज ने कहा, 'पूरी टीम के साथ वो रोज बदतमीजी करती थीं. जब वो शूट से जा रही थीं तो उन्होंने तेजी से अपनी गाड़ी को निकाला, बिना ये सोचे कि किसी खड़े हुए शख्स को चोट लग जाएगी. उन्होंने सेट की प्रॉपर्टी को भी नुकसान पहुंचाया.

# बैंगलुरू के युवक ने युवती से की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री योजना में चयन के नाम पर एक युवती ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने उससे हजारों रुपए ऐंठ लिए। मामले में बेंगलुरु के युवक के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण पुलिस ने दर्ज किया है।**

जानकारी के अनुसार फरियादी शिवानी पति मिहिर व्यास निवासी लोटस पार्क कॉलोनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरे मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को विजय कुमार मिश्रा निवासी बेंगलुरु बताया और कहा की पीएम की बी बॉय योजना में आपका चयन हुआ है। डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए आपको हर महीने 24 हजार रुपए वेतन मिलेंगे लेकिन पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगले दिन 18 मार्च को फिर से विजय कुमार का फोन आया और बोला कि असिस्टेंट मैनेजर प्रियंका झांसी बात करें । फरियादी शिवानी व्यास के मुताबिक प्रियंका ने जीएसटी और टैक्स का झांसा देकर उससे 8 हजार रुपए की धोखाधड़ी की। इसी प्रकार अन्नपूर्णा थाने की सहायक उपनिरीक्षक सुभाष सक्रवाल के मुताबिक मानसिंह मनीष गर्ग आदि के खिलाफ धारा 420 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने षडयंत्र पूर्वक एक युवक के साथ धोखाधड़ी की।

उधर, फरियादी दिनेश पिता रामचंद्र जसोरिया निवासी ग्राम बीसा खेड़ी साबिर की रिपोर्ट पर रफी के पिता मुस्ताक खान निवासी सांवेर के खिलाफ धारा 406 का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी रफीक ने फरियादी के साथ अमानत में खयानत की।

## रुपयों के विवाद में भिड़े भाई

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर।** रुपयों के विवाद में दो भाइयों के बीच विवाद हो गया, जिसमें एक ने दूसरे पर हमला कर उसे घायल कर दिया। कनाडिया पुलिस ने बताया कि लखन पिता तेजा धनगर (40) निवासी ग्राम धायली (खातेगांव) की रिपोर्ट पर उसके भाई मुंशी निवासी कनाडिया रोड पर केस दर्ज किया गया है। उसने बताया कि मेरा भाई मुंशी धनगर मेरे घर आया था मैंने पेंटरी की मजदूरी के पैसे उससे मांगे तो भाई बोला कि पैसे तुझे सुबह दूंगा। मैंने कहा मुझे आज पैसों की जरूरत है। इसी बात पर विवाद हुआ और भाई ने गालियां दी और पास पर पड़े डंडे से हमला कर दिया इससे नाक और पैर में चोट आई। बचने के लिए शोर मचाया तो वह भाग गया।

## डीसीपी ने किया जल मंदिर का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संस्था अग्र मंच एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की पहल पर चलित जल मंदिर का शुभारंभ डीसीपी ट्रैफिक मनीष कुमार अग्रवाल ने अग्रसेन चौराहा से किया गया। इस चलित जल मंदिर के माध्यम से यातायात व्यवस्था में लगे जवान जो तेज कड़कती धूप में शहर के यातायात को सुगम बनाने में चौराहो पर सेवा दे रहे हैं साथ ही राहगीर जो धूप में प्यास की वजह से व्याकुल होते हैं उनके लिए चलित जल मंदिर के माध्यम से शीतल जल पिलाने की पहल संस्था अग्र मंच द्वारा की गई है। यह चलित जल मन्दिर वाहन शहर के विभिन्न चौराहों में भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में लगे हुए अधिकारी कर्मचारियों की प्यास बुझाएगी। इसी के साथ डीसीपी की पहल पर यातायात प्रबंधन मित्र योजना से अधिक से अधिक जि मेदार नागरिको को जोडऩे के लिए अग्रेसन चौराहा, छावनी क्षेत्र के नागरिको को ऑफ लाइन फार्म भरकर यातायात प्रबंधन मित्र बनाया गया। ऐसे ही प्रत्येक चौराहा पर 50 से अधिक यातायात प्रबंधन मित्र जोडऩे का कार्य किया जाएगा।

# नाबालिगों ने हमला कर लूटा मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तीन नाबालिगों ने व्यक्ति को रोक लिया और बहाने से उससे मोबाइल लेने के बाद हमला कर दिया, जब वह घायल हुआ तो उसका मोबाइल छिनकर तीनों बाइक से भाग निकले। बाद में पुलिस ने तीनों को गिरफ्त में ले लिया।**

बाणगंगा पुलिस के अनुसार फरियादी खूब सिंह पिता संतोष सिंह लोधी 24 साल निवासी कुशवाहा नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रात्रि 10 पैदल पैदल ड्यूटी पर जा रहा था तभी अवंतिका नगर में एक मोटरसाइकिल पर दो लड़के और एक लड़की आए और लड़की ने मुझे रोका और कहा कि मेरे मोबाइल का रिचार्ज खत्म हो गया है। अंकल आपका मोबाइल दो मुझे मम्मी से बात करनी है मैंने मोबाइल दे दिया इसके बाद तीनों बाइक पर जाने लगे, मैंने मोबाइल मांगा तो दो लड़कों ने मेरे हाथ और गर्दन और पीठ पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे मैं घायल हो गया। इस दौरान लड़की ने चाकू निकाल लिया और धमकाने लगी। बचने के लिए शोर मचाया तो तीनों बाइक से भाग निकले। वारदात के घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने तीनों का पीछा किया। वहीं पुलिस भी सूचना मिलते ही पहुंच गई और तीनों को पकड़ लिया। उन्हें थाने लाकर लूट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं तीनों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किया गया चाकू और ब्लेड भी पुलिस ने बरामद कर ली।

इसी प्रकार फरियादी महेंद्र पिता प्रकाश चंद्र सोनी निवासी उषा नगर एक्सटेंशन को रात के गोपुर चौराहे पर बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका और चाकू दिखाकर मोबाइल फोन एवं नकदी 1974 रुपए छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# हादसे वाली जगह पर पहुंचे डीसीपी दो युवकों की हुई थी मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ थाना क्षेत्र में रिवर्स ले रहे वाहन के पिछले हिस्से में टकराने से बाइक सवार 2 युवक की मौत हो गई थी। कैट रोड पर हुई इस घटना के कारणों का पता लगाने गुरुवार को ट्रैफिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान चौकाने वाली बात पता चली की रोड पर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है।**

मंगलवार देररात कैट रोड पर प्रीत 19 पिता सुरेश सिंह निवासी अहिल्या पल्टन, यशवर्धन 19 पिता सुरेश वर्मा निवासी रामबाग की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। वहीं भावेश वर्मा 24 निवासी पीथमपुर घायल हो गया था। ट्रैफिक डीसीपी मनीष अग्रवाल ने बताया, 2 युवकों की एक्सीडेंट में मौत हो जाने पर कैट रोड की खामियों का पता लगाने गए थे। 5.6 किमी रास्ता हाल ही में बना है। कैट चौराहे से राऊ के बीच गार्डन के समीप घटना हुई है। जांच में पता चला कि रोड पर लाइट की व्यवस्था नहीं है। रोड पर अंधेरा एक्सीडेंट की वजह बना है। रोड पर लाइट व्यवस्था के लिए पीडब्ल्यूडी से पत्र व्यवहार किया है। घटना का फुटेज भी सामने आया था। जिसमें गार्डन के सामने रिवर्स ले रहे लोडिंग के पिछले हिस्से में बाइक टरकाते दिख रही है। घटना रात करीब 12 बजे हुई और पुलिस को 2 बजे सूचना मिली। फुटेज देखने के बाद पुलिस को पता चला की घायल युवक मौके पर करीब 2 घंटे तड़पते रहे। आसपास से लोग गुजरते रहे लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की। यदि समय पर पुलिस को सूचना मिल जाती तो घायलों की जान बचाई जा सकती थी।

## बुजुर्ग की मौत

**इंदौर।** विष्णुपुरी में रहने वाले एक बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। कुमार खानविलकर (80) निवासी विष्णुपुरी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जंहा पर उनकी मौत हो गई। दो माह पहले साइलेंसर से उनके पैर में लग गई थी। गुरूवार को हालत बिगडने पर अस्पताल ले आए लेकिन बचाया नहीं जा सका। चोट के कारण उनके पैरों में इंफेक्शन हो गया था संभवतः इसी के चलते मौत हो गई।

# पिस्टल व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी थाना पुलिस ने आरोपित यश पुत्र पारस छाजेड़ निवासी चांदनी चौक रतलाम को अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित यश का सोना-चांदी का व्यवसाय है। रात में वह देवास नाका पर शादी में आया था। एएसआइ मुनेंद्रसिंह कुशवाह ने यश को एलआइजी चौराहे पर रोका तो उसने भागने की कोशिश की। शक होने पर कार (एमपी 43सी-9343) की तलाशी ली तो पिछली सीट से पिस्टल मिल गई। पूछताछ में यश ने बताया कि उसकी जान को खतरा है। व्यापार के सिलसिले में आता रहता है। सुरक्षा के लिए अवैध पिस्टल खरीदी थी। पुलिस ने आरोपित का रिमांड लिया है। कार चला रहे राकेश पुत्र छोटेलाल प्रजापत निवासी बिलपांक को भी आरोपित बनाया है।

## तीन तस्कर गिरफ्तार, ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर।** भंवरकुआं पुलिस ने 2 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम अमन, बिलाल और मोहसिन हैं। आरोपी इंदौर में बड़े स्तर पर ब्राउन शुगर सप्लाई करने का काम करते थे। आरोपियों ने कबूला है कि वह टोकन के आधार पर स्टूडेंट्स को नशा सप्लाई करते थे। अभी सभी से पूछताछ की जा रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।